

श्री दामल कन्दाडै श्रीनिवासन

Shri Damal Kandadai Srinivasan



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री दामल कन्दाडै श्रीनिवासन

श्री डी.के. श्रीनिवासन एक सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और मानव–प्रेमी हैं। आप हिंदू मिशन हॉस्पिटल, ताम्बरम, चेन्नई, जो कि एक मल्टी स्पेशियलिटी तृतीयक (टरशियरी) परिचर्या चौरिटी संस्थान है, के अवैतनिक सम्मानी सचिव हैं। यह संस्थान निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के लिए मुसीबत में सहायता प्रदान कर रहा है। आप वल्लूवर गुरुकुलम समूह के शैक्षिक संस्थानों, ताम्बरम, चेन्नई के भी सचिव एवं संवाददाता हैं। ये संस्थान पहली पीढ़ी के छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करते हैं जिसमें छात्राओं पर विशेष जोर दिया जाता है।

2. आपका जन्म 7 अक्तूबर, 1933 को वकीलों एवं पेशेवरों के जाने–माने परिवार में हुआ। आप मद्रास विश्वविद्यालय से अपना एम बी ए पूरा करने के बाद एक सफल व्यवसायी बने। आपके परिवार की पृष्ठभूमि, शिक्षा, कारोबार और सामाजिक सहभागिता ने एक दूरगामी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विकसित होने की नींव डाली। गैर–चिकित्सीय व्यक्ति होने के बावजूद, समाज को कुछ वापस देने की आपकी उत्कृष्ट इच्छा ने आपको हिंदू मिशन हॉस्पिटल शुरू करने के लिए अभिप्रेरित किया। यह विशेषकर निर्धन एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करने की दिशा में पिछले 3 से अधिक दशकों में एक अभूतपूर्व प्रयास है। इस भाव को ध्यान में रखते हुए आपने ताम्बरम, चेन्नई में और उसके इर्द–गिर्द 110 गांवों के 5 लाख से अधिक रोगियों को निःशुल्क एवं रियायती दर पर चिकित्सा परिचर्या प्रदान करने के लिए साप्ताहिक ग्रामीण आउटरीच कार्यक्रम शुरू किए हैं। आपने एक आधुनिक, अत्याधुनिक अस्पताल बनने के लिए अपनी सेवाओं का लगातार विस्तार करने हेतु निधि उगाहने के लिए नवीन तरीकों का उपयोग किया। वर्तमान में यह नर्सों एवं डॉक्टरों का शिक्षण–प्रशिक्षण संस्थान है।

3. आप वल्लूवर गुरुकुल समूह के शैक्षिक संस्थानों के सचिव एवं संवाददाता हैं। इन स्कूलों का मुख्य उद्देश्य छात्राओं पर विशेष जोर देते हुए पहली पीढ़ी के छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना है। यह उल्लेखनीय है कि आपके नेतृत्व में, एक ऐसा स्कूल, जहां 700 छात्र थे किंतु अवसंरचना की घोर कमी थी, तीन अलग–अलग संस्थानों के रूप में विकसित हुआ और यहां छात्रों की कुल संख्या 3000 से अधिक हो गई तथा सुविधाएं सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक संस्थानों के बराबर हो गईं। इन स्कूलों का शैक्षणिक एवं पाठ्येत्तर क्रियाकलापों में एक बहुत ही सफल ट्रैक रिकार्ड है। इसके अतिरिक्त, आपने योग्य छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां शुरू की हैं और पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करने के लिए, जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्यकर नाश्ते की व्यवस्था की है। अपने जीवन और कारबार के बढ़िया समय में, आपने फलते–फूलते कारबार को छोड़ने और स्वयं को इन संस्थानों की प्रगति के लिए अवैतनिक हैसियत में समर्पित करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया।

4. आपने अन्य सामाजिक संगठन अर्थात् अल्फा टू ओमेगा स्कूल, चेन्नई डिस्लेक्सिया से ग्रसित बच्चों के लिए एक शिक्षण केन्द्र, तिरूमलाई मिशन हॉस्पिटल, रानीपेट, अध्यक्ष, कॉचीपुरम डिस्ट्रिक्ट चेस कमेटी, श्री गायत्री ट्रस्ट, चेन्नई–विशेषकर लावारिस शवों के लिए अंत्येष्टि करने के लिए, तिरू निरपनी ट्रस्ट, चेन्नई–स्थानीय शवदाहगृह का प्रबंधन एवं रख–रखाव, नंदावनम, देवराज स्वामी मंदिर, कांचीपुरम–फूल प्रदान करने के लिए मंदिर उद्यान, अस्थिका समाजम, चेन्नई–हमारे समाज में पारंपरिक मूल्य पैदा करने के लिए, पार्क का रख–रखाव प्रतिदिन व्यायाम को बढ़ावा देने, सभी आयुवर्ग के लोगों के लिए व्यायाम, योगा एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय पार्क का प्रबंधन, सूनामी प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य, जिसकी कुल लागत 1.20 करोड़ रु. से अधिक थी, तथा हाल में आई बाढ़ में राहत के लिए अपनी सुविज्ञता एवं सहायता भी प्रदान की है।

5. आपको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिसमें लायन्स क्लब इन्टरनेशनल द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, भारत विकास परिषद द्वारा संस्कार रत्न, सेवा एवं प्रसार के लिए भारतीय संगठनों के महासंघ द्वारा डॉ. के.एस. संजीवी पुरस्कार, रोटरी क्लब ऑफ मद्रास ईस्ट द्वारा स्वास्थ्य के लिए डॉ. के.वी. तिरूवेंगादम् पुरस्कार के अलावा दरीसनम द्वारा वेनवा सेवा रत्नम, के वी एस शरत बाबू मेमोरियल विजडम इंटरनेशनल अवार्ड द्वारा सेवा रत्नम, नवजीवन ब्लाइंड रिलीफ सेंटर द्वारा नवजीवन पुरस्कार तथा श्री रामानुज मिशन ट्रस्ट द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट शामिल हैं।

Shri Damal Kandadai Srinivasan

Shri D.K. Srinivasan is an eminent social activist and philanthropist. He is the Founder and Honorary Secretary of Hindu Mission Hospital, Tambaram, Chennai: a Multispecialty Tertiary Care Charity institution, doing yeoman service for the poor and needy and also the Secretary and Correspondent of Valluvar Gurukulam group of educational institutions, Tambaram, Chennai, which offers quality to first generation students, with special emphasis on girl pupils.

2. Born in Kanchipuam on 7th October 1933 into an eminent family of lawyers and professionals. Shri Srinivasan, after completing his MBA from Madras University became a successful businessman. His family background, education, business and social involvement laid the foundation for his evolution into a visionary social worker. Despite being a non-medico, his keen desire to give back to society motivated him to start Hindu Mission Hospital, a path breaking effort over 3 decades ago especially to provide high quality healthcare for the poor and needy. In keeping with this ethos, Shri Srinivasan has initiated daily & weekly rural outreach programs to provide free & subsidized medicare to over 5 lakhs patients from 110 villages in and around Tambaram, Chennai. He used novel fund raising methods to continually expand its services to become a modern, state of the art hospital. Today, it is a teaching and training institution for nurses and doctors.

3. Shri Srinivasan is the Secretary and correspondent of Valluvar Gurukulam Group of educational institutions. The core objective of these schools is to offer quality education to first generation students, with special emphasis on girl pupils. It is noteworthy that under the stewardship of Shri Srinivasan, a school that was starved for infrastructure with only 700 students has grown into three individual institutions with a total strength of over 3000 students with facilities on par with the best educational institutions. These schools have a very successful track record in academics and extra-curricular activities. In addition, Shri Srinivasan has set up scholarships for deserving students and to ensure adequate nutrition, a healthy breakfast to the needy children, free to cost. At the prime of his life and business, DKS took a crucial step of relinquishing his thriving businesses and dedicating himself in an honorary capacity for the growth of these institutions

4. Shri Srinivasan has also lent his expertise and support to other social organization such as Alpha to Omega School, Chennai-Learning center for children with Dyslexia, Thirumalai Mission Hospital, Ranipet, President, Kanchipuram District Chess Committee, Shri Gayathri Trust, Chennai-For performing last rites especially for abandoned bodies, Thriu Narpani Trust, Chennai-Management and upkeep of the local crematorium, Nandavanam at Devaraja Swamy Temple, Kanchipuram-a temple garden to provide flowers, Asthika Samajam, Chennai-for inculcating traditional values in our society,Park Upkeep-Managing the local park to promote daily exercise, Yoga and a healthier lifestyle for all ages,Tsunami relief work-across the affected areas totalling over Rs. 1.20 crores and recent flood reliefs.

5. Shri Srinivasan has been honoured with many awards including Life time achievement award in medical field by Lions Club International, Samskara Ratna by Bharath Vikas Parishad, Dr. K.S. Sanjivi Award by confederation of Indian organization for service and advocacy, Dr. K.V. Thiruvengadam Award for health by Rotary Club of Madras East, Vainava Seva Ratnam by Aalaya Darisanam, Seva Ratnam by K V S Sarath Babu Memorial Wisdom International Award, Navajeevan Puraskar by Navajeevan blind Relief centre and Life time achievement by Shri Ramanuja Mission Trust.